औविप्रा के दो लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव तैयार

राब्यू, लखनऊ : यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (यूपीजीआइएस-2023) में प्राप्त निवेश प्रस्तावों को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) के माध्यम से जमीन पर उतारने की कोशिश में योगी सरकार जुटी है। सरकार को प्राप्त हुए 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों में से अब तक विभिन्न विभागों की ओर से 7.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतारने के लिए तैयार किये जा चुके हैं। इनमें से दो लाख करोड़ रुपये से अधिक के 1793 निवेश प्रस्ताव प्रदेश के छह औद्योगिक विकास प्राधिकरणों से संबंधित हैं। इन औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में यूपीसीडा, यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण, यूपीडा, नोएडा व ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) शामिल हैं।

इन औद्योगिक विकास प्राधिकरणों न यूपीजीआइएस के माध्यम से कुल 8.5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के करीब 3000 निवेश प्रस्ताव प्राप्त किए थे। इनमें डिफेंस कारिडोर, लाजिस्टिक हब, डाटा सेंटर, आइटी पार्क, सोलर पावर पार्क, बल्क ड्रग पार्क समेत कई परियोजनाएं शामिल हैं। यूपीसीडा, यीडा, यूपीडा, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गीडा द्वारा 2,07,571 करोड़ रुपये के 1793 निवेश प्रस्तावों को जीबीसी के जरिये जमीन पर उतारने के लिए तैयार कर लिया गया है। यूपीजीआइएस के माध्यम से सर्वाधिक निवेश प्रस्ताव यूपीसीडा को प्राप्त हुए थे। यूपीसीडा ने 3,70,229 करोड़ रुपये की 1,494 परियोजनाओं में से 1,00,218 करोड़ रुपये की 1,081 परियोजनाओं को जीबीसी के लिए तैयार कर लिया है। यीडा को 1,86,036 करोड़ रुपये की 307 परियोजनाओं के निवेश प्रस्ताव मिले थे। इनमें से 31,496 करोड़ रुपये की 174 परियोजनाएं धरातल पर उतरने के लिए तैयार हैं। नोएडा को 1,03,239 करोड़ रुपये की 469 परियोजनाओं के निवेश प्रस्ताव मिले थे जिनमें से 56,679 करोड़ रुपये की 131 परियोजनाएं धरातल पर उतरने के लिए तैयार हैं।